# अलवर में पुलिस थाने के सामने युवक की पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या

## पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, आक्रोशित लोगों ने अलवर-भरतपुर मार्ग जाम किया

- युवक की हत्या की सूचना मिलते ही आक्रोशित लोगों ने थाने का घेराव करते हुए पुलिस से धक्का-मुक्की भी की
- एसआईटी गठित करने, मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने की मांग की

**अलवर,** (निसं)। अलवर की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बड़ौदामेव पुलिस थाने के सामने युवक की पत्थरों से पीटकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार बड़ावास निवासी सेकून खान (40) पुत्र नसरू खान अपने गांव के नूर मोहम्मद को बैंक में छोड़कर थाने के सामने से निकल रहा था। इसी दौरान हर्ष मूर्तिकार आया। उसने बाइक सवार सेकून को नीचे गिरा दिया और उसके सिर पर सड़क पर पड़े पत्थर (पट्टी के टुकड़े) से हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

हत्या की सूचना मिलते ही लोगों ने थाने का घेराव करते हुए पुलिस से धक्का-मुक्की भी की। वहीं सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने अलवर-भरतपुर मार्ग जाम कर दिया, जिससे गाड़ियों की लंबी लाइन भी लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक साफिया जुबेर और रामगढ़ विधानसभा विधायक प्रत्याशी रहे आर्यन जुबेर सहित सैकड़ों कांग्रेसकर्ता भी मौके पर पहुंचे और सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की एवं पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे की मांग की। हत्या के विरोध में भीम आर्मी के कार्यकर्ता संजय प्रधान और अनिल जोनवाल वन मंत्री संजय शर्मा के घर के सामने पानी की टंकी पर चढ़ गए। सर्व एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष शब्बीर खान ने मामले में तुरंत एसआईटी गठित करने की मांग की है। मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और सभी सरकारी योजनाओं में परिजनों को लाभ दिलाए जाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक धरना नहीं उठाया जाएगा। युवक की हत्या के बाद तीन जगह धरना दिया जा रहा है। बड़ौदामेव थाने के बाहर, अलवर जिला हॉस्पिटल के बाहर और वन मंत्री संजय शर्मा के घर के सामने पानी की टंकी पर युवक चढ़े हुए हैं। थाने के स्टाफ को सस्पेंड करने और मृतक आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की जा रही है।

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने पोस्ट की और लिखा कि अलवर के बड़ौदामेव में थाने के सामने युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या की घटना प्रदेश में जंगलराज का उदाहरण है।

थाने के सामने यदि कोई व्यक्ति बेखौफ होकर युवक पर जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर देता है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पोस्ट किया और लिखा कि बड़ौदामेव, अलवर में थाने के सामने पुलिस की मौजूदगी में एक युवक को पत्थरों से पीट-पीटकर मारने की घटना राजस्थान की कानून-व्यवस्था के माथे पर काला कलंक है।

# राजसमंद में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने चार लोगों की मौत, 11 घायल

- सांसेरा स्थित जल देवी माताजी तालाब में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौटने के दौरान हादसा हुआ

**जयपुर/राजसमंद।** राजसमंद जिले के रेलमगरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन से लौट रहे लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। दुर्घटना बनेडिया ग्राम पंचायत के खटुकड़ा मार्ग पर हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेलमगरा अस्पताल और आरके जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

रेलमगरा थानाधिकारी प्रवीण सिंह जुगतावत ने बताया कि लोग सांसेरा स्थित जल देवी माताजी तालाब में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे। खटुकड़ा मार्ग पर एक मोड़ के दौरान अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर रेलमगरा अस्पताल और आरके जिला अस्पताल पहुंचाया। थानाधिकारी के अनुसार हादसे में तुरकिया खेड़ा निवासी शंकरसिंह पुत्र जोध सिंह (65), तकड़ियों का गुड़ा, नाथद्वारा निवासी पुष्पा कुंवर पत्नी शंभूसिंह (45), तुरकिया खेड़ा निवासी हरीश लोहार पुत्र राजकुमार लोहार (12) और तुरकिया खेड़ा निवासी ललिता पुत्री भंवर सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल अन्य 11 लोगों का अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर राजसमंद जिला कलैक्टर अरुण कुमार हसीजा और जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल भी जिला अस्पताल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घायलों से मुलाकात कर उनके उपचार की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से स्थिति के संबंध में जानकारी ली।

# मुख्यमंत्री पालनहार योजना में सीएम ने फरजाना के परिवार को स्वीकृति पत्र सौंपा

**जयपुर।** बच्चों के जीवन की राह की शुरूआत में ही जब अचानक संकट के काले बादल छा जाएं तो एक माँ के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने की होती है। ब्यावर जिले की जैतारण तहसील की रहने वाली फरजाना का परिवार भी एक ऐसे ही मुश्किल दौर से गुजर रहा था। विपरीत परिस्थितियों ने परिवार के सामने आर्थिक और मानसिक चुनौतियां खड़ी कर दी थी। तब भजनलाल सरकार की मुख्यमंत्री पालनहार योजना ने

- फरजाना के बच्चों की शिक्षा और बेहतर भविष्य की राह को आसान बनाया

ब्यावर जिले की जैतारण तहसील निवासी फरजाना के परिवार को सहारा दिया, उसके बच्चों की शिक्षा और बेहतर भविष्य की राह को आसान बनाया।



जैतारण तहसील निवासी फरजाना ने मुख्यमंत्री भजनलाल के हाथों स्वीकृति पत्र प्राप्त किया।

फरजाना के पति की अचानक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई तो परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा, आर्थिक जिम्मेदारी फरजाना के कंधों पर आ गई। बच्चों के पालन-पोषण के साथ उनकी शिक्षा का खर्च जुटाना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया। स्कूल यूनिफॉर्म, किताबें, शैक्षिणक सामग्री और बच्चों की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करना मुश्किल होने लगा। आर्थिक परिस्थितियों का असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने की आशंका भी सामने आने लगी। ऐसे कठिन समय में फरजाना को किसी ने मुख्यमंत्री पालनहार योजना की जानकारी दी और इसके बाद उसने आवदेन किया। योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता से अब बच्चों की शिक्षा एवं दैनिक आवश्यकताओं से जुड़े खर्चों में राहत मिलेगी। इससे परिवार पर आर्थिक दबाव कम होगा और बच्चे अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रख सकेंगे।

फरजाना के लिए यह सहायता उस समय और भी यादगार बन गई, जब मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गत 23 सितम्बर को ब्यावर में आयोजित एक कार्यक्रम में फरजाना को इस योजना में स्वीकृति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री के हाथों स्वीकृति पत्र प्राप्त करना फरजाना के लिए केवल एक दस्तावेज हासिल करना नहीं बल्कि कठिन परिस्थितियों में सरकार के साथ और संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष अनुभव था। फरजाना के 2 बच्चे हैं और इन दोनों के लालन पालन के लिए फरजाना के बैंक खाते में कुल 3 हजार रुपये प्रति माह सहायता मिलेगी। इस सहायता ने फरजाना को बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलगी। किताबें, स्कूल ड्रेस, जूते तथा अन्य शैक्षिणक जरूरतों के लिए आर्थिक सहारा मिलने से बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रखने में सुविधा हुई है। आर्थिक चिंता कम होने के साथ फरजाना के आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। अब उन्हें अपने बच्चों के भविष्य को लेकर पहले की तुलना में अधिक भरोसा महसूस होता है।

फरजाना ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उसने बताया कि कठिन समय में मिली सरकारी सहायता ने उनके परिवार को संभालने और बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# मुस्लिम युवक के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग

**अलवर।** अलवर के बड़ौदामेव में एक मुस्लिम युवक की निर्मम हत्या के बाद मृतक का शरीर राजकीय अस्पताल अलवर में पोस्टमार्टम के लिए लाया हुआ है तो भारत की कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी माकपा की जिला सचिव रईसा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंची। माकपा से जुड़े बड़ाबास बुटोली के पीड़ित परिवारजन से मिली और संवेदना प्रकट की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। वहां उपस्थित लोगों को साथ लेकर अस्पताल के गेट पर प्रदर्शन कर आक्रोश प्रकट किया और धरने पर बैठ गए। जानकारी के अनुसार सैकुन खां पुत्र नसरु खां निवासी बड़ाबास बूंटोली की बड़ौदमेव थाने के मैनगेट के सामने पत्थर मार मार मारकर कुचलकर हर्ष नाम के व्यक्ति ने बेरहमी से हत्या कर दी।

मृतक का शव राजकीय अस्पताल अलवर में मोर्चरी में अभी भी रखा हुआ है। आंदोलनरत लोगों ने मांगें नहीं मानी जाने तक पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। माकपा की मुख्य मांग हैं कि घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की जाए। पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए, हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की और मुसलमानों के खिलाफ नफरत और हिंसा पर रोक लगाई जाए।

# प्रो. धारीवाल की स्मृति में पुस्तक उपहार कार्यक्रम कल

**जयपुर।** प्रयास संस्थान, चूरू द्वारा शिक्षाविद् प्रो. नौरत्नचंद धारीवाल की स्मृति में चूरू बालिका महाविद्यालय के सभागार में पुस्तक उपहार कार्यक्रम का आयोजन होगा।

प्रयास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने बताया कि राजकीय लोहिया महाविद्यालय में प्राध्यापक रहे एवं ताउम्र शिक्षा को समर्पित प्रो. नौरत्नचंद धारीवाल की जयंती पर शुक्रवार पच्चीस सितंबर को प्रयास संस्थान की 'प्रयास पुस्तक उपहार योजना' अंतर्गत यह आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेखक-चिंतक एवं वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के पूर्व कुलपति प्रो. नरेश दाधीच और अध्यक्षता चूरू नगरपरिषद के पूर्व सभापति एवं चूरू बालिका महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय सिडिकेट के पूर्व सदस्य एवं लेखक-चिंतक प्रो. हनुमानाराम ईसराण व पूर्व आईएएस अधिकारी सुनील धारीवाल एवं डॉ. लोकनाथ



सोनी मौजूद रहेंगे।

सहारण ने बताया कि प्रयास पुस्तक उपहार योजनांर्गत धारीवाल परिवार द्वारा पांच वर्ष में चूरू अंचल के लेखकों की चार लाख रुपये मूल्य की पुस्तकें क्रय की जानी है तथा प्रथम वर्ष इस कार्यक्रम में अस्सी हजार रुपये मूल्य की पुस्तकें क्रय कर चूरू बालिका महाविद्यालय के पुस्तकालय को उपहार में प्रदान की जाएंगी। लेखक के हाथ में लागत तथा पाठक के हाथ में पुस्तक सोच के साथ यह आयोजन प्रो. धारीवाल को समर्पित रहेगा।

# रेलवे परिसर के पास वृद्ध का शव मिला

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के राइकाबाग रेलवे स्टेशन के पास रेलवे परिसर की दीवार पर गुरुवार सुबह एक वृद्ध का शव फंदे पर लटका मिला। फंदा किसी कपड़े से लगाया गया था। उसके पास में तलाशी लिए जाने पर आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर आरंभिक तौर पर पहचान की गई। परिजन के आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मामले में रेलवे पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सुबह सूचना मिली कि राइकाबाग रेलवे स्टेशन की दीवार के समीप एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका है। फंदे पर लटके व्यक्ति को देखकर आसपास निकलने वाले कई वाहन चालक रूक गए और भीड़ एकत्र हो गई। बाद में उदयमंदिर और रेलवे पुलिस वहां पहुंची। मामला रेलवे पुलिस का होने पर कार्रवाई की गई। मृतक के पहने कपड़ों की तलाशी में उसके पास से आधार कार्ड मिला। जिसमें आरंभिक तौर पर उसकी पहचान कोलूपाबूजी लोहावट निवासी पन्ने सिंह (65) होने का पता लगा है।

# इंटरनेशनल पार्सल में विदेशी गांजा बरामद

**कोटा,** (निसं)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत् केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) टीम ने सूचना पर विदेश से जयपुर आये एक इंटरनेशनल पार्सल की तलाशी में 1.900 किलोग्राम वजन के प्रतिबंधित हाइड्रोपोनिक वीड्स (गांजा) बरामद किया।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एफपीओ कस्टम्स जयपुर में यूएसए से आए एक पार्सल में नशीला पदार्थ होने का शक है। उक्त सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जयपुर के अधिकारियों की एक टीम गठित कर टीम को मौके पर भेजा गया और एफपीओ कस्टम्स के सहयोग से इंटरनेशनल पार्सल की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान, 4 पैकेट प्रतिबंधित हाइड्रोपोनिक वीड्स (गांजा) मिले, जिसमें 1.900 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। हाईड्रोपोनिक वीड्स को कार्टन (पार्सल) के अंदर रखे एयर सर्कुलेटर बॉक्स में छिपाकर रखा गया था। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बरामद प्रतिबंधित हाइड्रोपोनिक वीड्स (गांजा) को जब्त किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# नकली बीड़ी बनाने की फैक्टरी पर दबिश

**टोंक,** (निसं)। पुलिस टीम ने नकली बीड़ी बनाने की फैक्ट्री पर दबिश देकर माल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 187 किलो 600 ग्राम बना हुआ माल व 8 किलो 300 ग्राम कच्चा माल जप्त किया।

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने टीम ने 23 सितम्बर को देर सांय कोतवाली क्षैत्र के आजाद नगर बी स्थित नूर अहमद के मकान पर दबिश देकर जांच के दौरान बीड़ियां बनाते हुए आरोपी नदीम पुत्र जहुर निवासी मस्जिद के पिछे छावनी को मौके पर कई बीड़ी की कम्पनीयों के रैपर तथा बीड़ियों को पैक करने के कागज, खुल्ली बीड़ियां रबर की मोहरें, कच्चा माल मिलने के बाद सभी नकली बीड़ी बनाने के सामानों को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# निजी अस्पताल में गलत खून चढ़ाने से दस माह के मासूम की मौत का आरोप

## परिजनों ने भीलवाड़ा एसपी को शिकायत देकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के अशोक नगर स्थित पांडिया हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक 10 माह के मासूम की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। मांडलगढ़ निवासी पीड़ित पिता ने डॉक्टर पर गलत ब्लड चढ़ाने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को शिकायत देकर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

पुराणी आबादी, मांडलगढ़ तहसील निवासी अंकित कुमार भाट ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उनके 10 महीने के पुत्र देवांश भट्ट को बुखार आने पर 4 सितंबर को अशोक नगर स्थित पांडिया हॉस्पिटल (डॉ. अमृत पांडिया) में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने जांच के बाद बच्चे में खून की कमी बताकर ब्लड चढ़ाने की सलाह दी। शिकायत के अनुसार, 6 सितंबर को मासूम को ब्लड चढ़ाया गया। परिजनों का आरोप है कि गलत ब्लड चढ़ने के तुरंत बाद ही बच्चे के पूरे शरीर पर सूजन आने लगी। जब इस बात की जानकारी डॉक्टर और अस्पताल के स्टाफ को दी गई, तो उन्होंने गलती सुधारने के बजाय इसे अनदेखा किया और अपनी लापरवाही छिपाने की कोशिश की।

बच्चे की हालत बिगड़ने पर परिजन 7 सितंबर को उसे भीलवाड़ा हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने बताया कि गलत ब्लड चढ़ने के कारण बच्चे की किडनी, लीवर व अन्य अंगों में गंभीर इन्फेक्शन फैल गया है। हालत में सुधार न होने पर 9 सितंबर को मासूम को अहमदाबाद ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान 16 सितंबर को मासूम देवांश की मौत हो गई। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि बच्चे के शरीर में 7.4 पॉइंट खून मौजूद था, जिससे उसे तुरंत ब्लड चढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। महज आर्थिक लाभ कमाने और लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की जान गई है। परिजनों ने थाना सिटी कोतवाली, भीलवाड़ा में आरोपी डॉक्टर के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# जोधपुर केमिकल फैक्टरी हादसा : गंभीर रूप से घायल छह फायर फाइटर्स को जयपुर रेफर किया

## बासनी पुलिस ने फैक्टरी मालिक के पुत्र को शांतिभंग में हिरासत में लिया

- श्रमिक कॉलोनी में आवासीय क्षेत्र में केमिकल फैक्टरी को संचालित किया जा रहा था
- आग की लपटों की वजह से आसपास के कई मकानों में भी नुकसान पहुंचा है
- केमिकल से भरे ड्रमों में ब्लास्ट से फायर ब्रिगेड के 14 कर्मचारी झुलस गए थे

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र की श्रमिक कॉलोनी स्थित एक केमिकल फैक्टरी में बुधवार रात अचानक आग लग गई थी। देखते ही देखते आग विकराल होने लगी। इस दौरान आग की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। फैक्टरी में केमिकल के ड्रम रखे होने की वजह से लगातार विस्फोट होते रहे। इसमें 14 फायरमैन झुलस गए, जिनका एमजीएच बर्न यूनिट में उपचार जारी है। इधर गुरुवार सुबह बासनी पुलिस ने फैक्टरी मालिक के पुत्र को शांतिभंग में हिरासत में लिया है।

थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि इसमें फैक्टरी मालिक चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 11 निवासी राजेंद्र के पुत्र स्पर्श को फिलहाल शांतिभंग में पकड़ा गया है। जानकारी के अनुसार बासनी श्रमिक कॉलोनी में बुधवार की रात को एसआर केमिकल फैक्टरी में आग लग गई, जहां दो-तीन दिन पहले ही हैंडीक्राफ्ट और इंडस्ट्रियल काम में आने वाला केमिकल लाया गया था। इसमें आग लग गई। घटना के समय फैक्टरी के ताला लगा हुआ था। इधर आग लगने के बाद आस-पास रहने वाले लोगों को मौके से हटाया गया। आग तकरीबन काबू कर ली गई थी, मगर फैक्टरी में रखे केमिकल ने अचानक आग पकड़े जाने के बाद जोरदार विस्फोट हुआ और 14 फायरमैन झुलस गए, जोकि अभी एमजीएच में उपचाराधीन है। इन्हें पहले एम्स ले जाया गया था, मगर वहां बर्न यूनिट नहीं होने पर एमजीएच भेजा गया।

श्रमिक कॉलोनी में आवासीय क्षेत्र में इस फैक्टरी को संचालित किया जा रहा था। फैक्टरी में आग लगने की वजह से आसपास मकान में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। इधर आग की लपटों की वजह से आसपास के कई मकानों में भी नुकसान पहुंचा है। घायलों में 3 को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

**यह लोग आए आग की चपेट में :-** दुर्गेश पुत्र महेनु कुमार, प्रशांत तंबोली पुत्र सुनील, प्रवीण अवशाल पुत्र राजू, विनय पुरोहित पुत्र जितेंद्र, कुणाल पुत्र विजदर्शन, आशिष पुत्र फरचंद, जोगाराम पुत्र प्रेमाराम, सुमित पुत्र सुभाष, अविनाश, प्रदीप, मोहम्मद हनीफ और दिनेश सहित 14 लोग झुलसे हैं। जिला कलैक्टर आलोक रंजन और पुलिस आयुक्त अंशुमन भोमिया ने घायलों की सुध ली। मौके पर हालात ऐसे हैं कि घटना के 20 घंटे बाद भी गुरुवार सुबह 11 बजे भी फैक्टरी में से धुंआ निकल रहा था। चारों तरफ दीवारों पर कालिख लगी हुई थी। अंदर रखे सामान और केमिकल ड्रम से धुंआ निकल रहा था। फैक्टरी के एक हिस्से की दीवार भी ढह चुकी थी। थिनर, लीकर और सीलर केमिकल की बदबू पूरी कॉलोनी में फैली हुई है। हालांकि रात को ही कई परिवार अपने घर छोड़ कर रिश्तेदारों के यहां चले गए थे।

फैक्टरी में आग के दौरान केमिकल से भरे ड्रमों में ब्लास्ट से फायर ब्रिगेड के 14 कर्मचारी झुलस गए थे। इनमें से 6 फायर फाइटर्स को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से महात्मा गांधी हॉस्पिटल से जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेजा गया है। एंबुलेंस में हर मरीज के साथ एक-एक डॉक्टर और एक-एक नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा। इधर घटना पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने केमिकल फैक्टरी में आग लगने और आग बुझाने के प्रयास के दौरान अग्निशमन कर्मियों के घायल होने की घटना पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने चिंता व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते हुए घायलों के त्वरित एवं प्रभावी उपचार के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# घर के पास रेलिंग से लटका मिला एएसआई का शव

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के नया गांव में एक एएसआई का शव घर के पास रेलिंग से लटका मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

- परिजनों ने मौत पर जताया संदेह, पुलिस जांच में जुटी

धंबोला थाना पुलिस के अनुसार, नया गांव निवासी एएसआई पंकज लबाना डूंगरपुर पुलिस लाइन में तैनात थे। उनका शव गुरुवार सुबह उनके घर के पास एक घर की गैलरी में रेलिंग से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। धम्बोला थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। परिजनों ने एएसआई की मौत पर संदेह जताते हुए हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके से शव को उठवाकर सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।


**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

**खुली बोली सूचना 18/2026-27**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में Stationery & General Items हेतु दर संविदा के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN NO. : JAU2627GLRC00102
Eproc ID : 2026_AGUJD_600006_1
राज.संवाद/सी/26/10687 नियंत्रक (वित्त)

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना क्रमांक**

इस कार्यालय के अधीन विभिन्न निविदा के लिए, सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारो से निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य जानकारियाँ आदि निगम के वेबसाइट (https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn/#/home/dptHome) एवं राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा में अन्य किसी संशोधन की जानकारी के लिए राजस्थान सरकार के पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर अपडेट रहे।
UBN : VPN2627WSOB01348, VPN2627WSOB01375
राज.संवाद/सी/26/10671 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7786/2026 अधीक्षण अभियन्ता (प्र. एवं नि.), बाडमेर

राजस्थान सरकार
**राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय**
रीको औद्योगिक क्षेत्र, झालावाड़ -326001 (राजस्थान)
फोन 07432-233282
ईमेलः gpc.jhalawar@rajasthan.gov.in
क्रमांक-रा.पो.झा./विद्या सम्बल/2026-27/1304 दिनांक:23/09/26

**सूचना**

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर के पत्र क्रमांक एफ-8(1-ए) प्राशिनि/ई-1/सी-5/वि.नि./2022/6173 दिनांक 12.06.2026 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6 (2) वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक 30.03.2021 एवं 07.08.2023 की अनुपालना में विद्या सम्बल योजना के अन्तर्गत स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध कालांश के आधार पर सत्र 2026-27 के लिए पूर्णतया अस्थाई रूप से राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, झालावाड़ में केमिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग के लिए अतिथि प्रवक्ता शिक्षण कार्य हेतु एआईसीटीई मापदण्डानुसार योग्यताधारियों से दिनांक 28.09.2026 सांय 5.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप अथवा ई-मेल gpc.jhalawar@rajasthan.gov.in द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। दिनांक 29.09.2026 प्रातः 10.00 बजे अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
यह आमंत्रण शैक्षिणक सत्र 2026-27 के सत्र समाप्ति अथवा अठिम आदेश जो भी पहले हो के लिए है।
विस्तृत विवरण हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, झालावाड़ की वेबसाइट (https://hte.rajasthan.gov.in/GovernmentPolytechnicCollegeRIICOIn dustrial Area Jhalawar) पर अवलोकन कर सकते हैं।
सम्पर्क सूत्र :- 9414225986, 9413234009
प्रधानाचार्य
DIPR/C/16468/2026 राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झालावाड़

CIN:U02000RJ2020SGC072576 GST No- 08AAKCR6707QIZK
**GENERAL MANAGER, RAJASTHAN STATE FOREST DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED, REGIONAL OFFICE, BIKANER**
(A Govt. of Rajasthan undertaking)
Regd. Office : IN FRONT OF LIC OFFICE, VAN BHAWAN, JAIPUR ROAD, BIKANER, RAJATHAN PIN: 334001
Email : gmbikaner@rajasthan.gov.in
क्रमांकः एफ.9(03) ठेका-नीलामी/मप्र/2026/1244 दिनांकः- 23.09.2026

**विज्ञप्ति लकडी नीलामी**

सर्व साधारण विशेषण लकडी के व्यापारियों, प्लाई एवं पेपर मिलों को सूचित किया जाता हैं कि वर्ष 2026-27 हेतु महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर के क्षेत्राधीन निम्नलिखित विभागीय विक्रय केन्द्रों पर इमारती तथा जलाऊ लकडी का विक्रय खुली नीलामी द्वारा विभागीय विक्रय केन्द्रों के सम्मुख अंकित तिथियों एवं समय पर माह में दो बार किया जायेगा। अतः इच्छुक क्रेतागण FMDSS पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् नियत तिथि व समय पर व्यक्तिशः उपस्थित होकर या मुद्रित पत्र पर अधिकृतकर अपने प्रतिनिधि को भेजकर अमानत राशि रूपये 25000/-(अखरे रूपये पच्चीस हज़ार मात्र) का डी.डी./नगद जमा करवाकर खुली नीलामी भाग ले सकते हैं।

| नीलामी स्थल/विक्रय केन्द्र का नाम | नीलामी तिथियां | नीलामी समय |
|---|---|---|
| बिछवाल (बीकानेर) | प्रत्येक माह की 12 व 25 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| RD 820 | प्रत्येक माह की 6 व 16 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| बज्जू | प्रत्येक माह की 7 व 22 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| बिकमपुर | प्रत्येक माह की 1 व 15 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| घड़साना | प्रत्येक माह की 2 व 21 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| छत्तरगढ़ | प्रत्येक माह की 5 व 19 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| रावला | प्रत्येक माह की 11 व 26 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| RD 682 | प्रत्येक माह की 8 व 23 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| 26 बीएलडी दंतौर | प्रत्येक माह की 3 व 20 तारीख | पूर्वाह्न 11:00 बजे |

नोटः-
1. नीलामी तिथि को अवकाश होने पर अगामी उपलब्ध कार्य दिवस को नीलामी की जावेगी।
2. विक्रय केन्द्र पर लकडी उपलब्ध होने पर ही नीलामी की जायेगी।
3. नीलामी में रखी जाने वाली वन उपज के संबंध मे विस्तृत विवरण एवं शर्तो का अवलोकन संबंधित विभागीय विक्रय केन्द्र पर किसी भी कार्य दिवस को किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से ज्ञात किया जा सकता है।
महाप्रबंधक
राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर
राज.संवाद/सी/26/10693